तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026



14 हितेकसा में जनसमस्या निवारण शिविर 300 आवेदनों का मौके ...





12 पेट्रोल-डीजल बचत को लेकर बालोद प्रशासन सक्रिय ...






## खबर संक्षेप

### संजारी में सुशासन शिविर अब 21 को

**बालोद।** अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने बताया कि सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय हाईस्कूल संजारी में 15 मई को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन अब 21 मई को किया गया है। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के खेल मैदान ठेमाबुजुर्ग में 05 जून को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन अब खेल मैदान ढोरएँठेमा में 22 मई को आयोजित किया जाएगा।

### युवक से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**बालोद।** एक युवक ने दूसरे युवक के साथ गाली गलौज कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने गाली गलौज करने वाले युवक के खिलाफ धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया है। ग्राम खैरवाही निवासी माधवन डोंगरे पिता सुखीराम डोंगरे 49 वर्ष ने पुलिस को बताया कि शाम को डौण्डी वार्ड नं 02 कुम्हारपारा तहसील डौंडी निवासी बल्लू पांडे पिता लिलेश्वर जाति कुम्हार द्वारा शराब पीकर बस स्टैण्ड पान ठेला के पास व मेरे किराया भंडार दुकान के सामने, मेरा नाम लेकर मुझे गाली गलौच करते हुए कहा कि खैरवाही से यह आकर नेता गिरी करता है, कहकर मुझे फिर गालिया दे रहा था एवं जान से मारने की धमकी दे रहा था।

### पति ने पत्नी से की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** घर आने पर पति का पैर ना छुने पर पति इतना आक्रोशित हुआ कि पत्नी की पिटाई कर दी। जिसके बाद पत्नी द्वारा पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम लिमऊडीह निवासी सीमा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2000 में देवलसिंह कुलदीप के साथ शादी हुई है। तीन बच्चे है, शादी के बाद कुछ दिनो तक मेरा पति देवल सिंह कुलदीप मुझे ठीक ठाक रखा उसके बाद चरित्र पर शंका कर मारपीट करते आ रहा है, मैं अपने पति देवलसिंह के कृत्य कें सुधार आने की संभावना पर रही, किन्तु किसी प्रकार का पति के आचरण में सुधार नही हो रहा है, शाम को मैं घर में अकेली थी, पति देवलसिंह शादी कार्यक्रम से वापस घर आया, मैं घर के काम में व्यस्त होने से पैर नही छु पाई, इसी बात को लेकर मेरा पति काफी आक्रोश में आकर मुझे कुछ नही समझ रही हो कहते हुए गाली गलौच करते हुए लकडी के डंडा से सिर, दोनो हाथ की भुंजा, पीठ, दोनो पैर के जांघ, दोनो हाथ के हथेली में मारपीट किया है।

## सौगात : विकास कार्यों के लिए राशि की कमी नहीं होगी

# उपमुख्यमंत्री साव ने 2 करोड़ 40 लाख के कार्यों का किया वर्चुअली लोकार्पण व शिलान्यास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में गुरुवार को उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा वर्चुअल माध्यम से नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 2 करोड़ 40 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में अटल परिसर का लोकार्पण, समुदाय भवन जनपद रोड उन्नयन कार्य का लोकार्पण तथा सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन सहित अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विशेष रूप से विधायक कुंवर सिंह निषाद के आलावा प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, वीरेंद्र साहू, राजेंद्र राय, भाजपा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के उपाध्यक्ष नरेश यदु, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, अश्विनी यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष गुलशन साहू, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण व अधिकारी–कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में पुष्पेंद्र चंद्राकर, सौरभ चोपड़ा, विनोद चंद्राकर, छगन सोनकर, नमन जैन, गगन जैन, कमल जैन, पोषण बन्नूराम निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी शंकर यादव, रामबती सोनकर, हेमंत सोनकर, सुल्तान तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोहन सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्श, सेवक महिपाल, रोमलाल यादव सहित नगर पंचायत के सभी पार्षद एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम मे उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि गुण्डरदेही में विकास की गंगा बह रही है और विकास कार्यों के लिए राशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद अब तक गुण्डरदेही क्षेत्र को लगभग 42 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसमें 29 करोड़ 28 लाख रुपए अमृत मिशन योजना के अंतर्गत दिए गए हैं, जिसके माध्यम से नगर के घर–घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान नगर के विकास कार्यों हेतु अतिरिक्त 2 करोड़ रुपए की घोषणा करते हुए कहा कि प्रस्ताव भेजते ही तीन दिनों के भीतर स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कहा कि सभी विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध एवं जनहितकारी होने चाहिए। अरुण साव ने आगे कहा कि राज्य सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है और बिना किसी बाधा के विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि जारी की जा रही है। उन्होंने नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने पर जोर देते हुए सफाई व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर करने की बात कही। कार्यक्रम मे ▶▶| शेष पेज 12 पर



# अफवाह से पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़, देर रात तक लगी रहीं कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ मांग के अनुसार दिया गया ईंधन

जिले में पेट्रोल डीजल की किल्लत की अफवाह के बाद जिला मुख्यालय के पेट्रोल पंपो में लोगो की भीड़ पेट्रोल डीजल भरवाने के लिए भारी संख्या में जुट गई, जिससे अफरा तफरी का महौल उत्पन्न हो गया। जिले में गुरूवार दोपहर होते होते लोगो के बीच जिले में पेट्रोल– डीजल ना मिलने का अफवाह फैली, जिसके बाद देखते ही देखते दोपहर के बाद लोग अपने नजदीकी पेट्रोल पंपो में पहुंचकर जल्द से जल्द पेट्रोल–डीजल भरवा लेना चाह रहे थे।

जिले के कई पेट्रोल पंपो में स्थिति यह हो गई थी कि पूरा पेट्रोल पंप गाड़ियो से भर गया था तथा पेट्रोल पंप में पांव रखने की भी जगह नही बची थी। जिसके कारण कई पेट्रोल पंपो में मैनेजर को स्वयं बाहर आकर स्थिति पर काबू करते देखा गया। इस दौरान पेट्रोल पंपो में लगी लाईन को देखकर राह से गुजर रहा वाहन चालक भी रूककर मामले की जानकारी लेकर स्वयं पेट्रोल भरवाने की जुगत में लगते दिखा। वही जैसे जैसे शाम ढलती गई वैसे वैसे पेट्रोल पंपो में गाड़ियो की संख्या बढ़ती गई। जिससे दोपहर से प्रारंभ हुई पेट्रोल पंपो में भीड़ देर रात तक देखने को मिली। इस दौरान पेट्रोल पंपो के संचालक व मैनेजर द्वारा लगातार पेट्रोल भरवाने आने वाले लोगो को पर्याप्त इंर्धन होने के साथ रात या कल तक और ईधन आने की बात बताई जा रही थी तथा पेट्रोल– डीजल की किल्लत होने या खत्म होने जैसे बातो को नकारा जा रहा था, जिससे कई लोग बाद में या कल पेट्रोल– डीजल भरवाने की बात मानते हुए पेट्रोल पंपो से जाते दिखे व कई जानकारी के बाद भी आज ही पेट्रोल– डीजल भरवाने के लिए घंटो लाईन में लगने को तैयार दिखे। इस दौरान जिला मुख्यालय में संचालित कई पेट्रोल पंपो में लिमिट ▶▶| शेष पेज 12 पर

### अफवाह से बढ़ी भीड़ : मैनेजर

जिला मुख्यालय के दल्लीचौक स्थित भाटिया पेट्रोल पंप के मैनेजर भुवन साहू ने कहा कि उनके पेट्रोल पंप में पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त मात्र है तथा गुरूवार रात या शुक्रवार सुबह तक उन्हे और ईंधन प्राप्त हो जाएगा। पेट्रोल– डीजल की किल्लत जैसी स्थिति नही है, अफवाह के वजह से लोगो की भीड़ पेट्रोल– डीजल भरवाने के लिए आ रही है।

# सीवरेज हादसे के 60 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं, दल्लीराजहरा में बढ़ा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लगभग 60 घंटे हो गए हैं अभी तक बीएससी प्रबंधन या ठेकेदार के खिलाफ में कोई भी मामला नहीं बनाया गया है जिसे लेकर पूरे दल्लीराजहरा शहर में आक्रोश देखने को मिल रहा है सत्ता पक्ष विपक्ष और राजनीतिक दलों के ऊपर उंगलियां उठ रही है सभी लोगों ने चुप्पी साध लिया है,दल्लीराजहरा शहर में हुए दर्दनाक सिवरेज पाइप लाइन हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

इस हादसे में पंडित परिवार सहित तीन लोगों की मौत के बाद नगरवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं बल्कि सीधे-सीधे लापरवाही से हुई मौत है, जिसकी जिम्मेदारी बीएसपी प्रबंधन, संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर तय होनी चाहिए।

हैरानी की बात यह है कि घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी ठेकेदार के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। वहीं बीएसपी प्रबंधन की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन अब तक मामला दर्ज करने से बचता नजर आ रहा है। इसे लेकर शहरवासियों में भारी नाराजगी है।

सूत्रों के अनुसार पीड़ित परिवार को 18 लाख रुपए मुआवजा देने की बात कही गई है, लेकिन बीएसपी में परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने को लेकर अब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिवार और समाज के लोगों का कहना है कि केवल मुआवजा देकर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है, जबकि असली दोषियों पर कार्रवाई जरूरी है। नगरवासियों का कहना है कि अगर किसी आम नागरिक से छोटी गलती हो जाए तो तत्काल एफआईआर दर्ज हो जाती है, लेकिन यहां तीन मौतों के बाद भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है।

### आखिर ठेकेदार को किसका संरक्षण प्राप्त है?

शहर में अब यह चर्चा तेज हो गई है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोग सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन कर सकते हैं। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने मांग की है कि ठेकेदार के खिलाफ तत्काल गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाए। बीएसपी प्रबंधन की जिम्मेदारी तय कर अधिकारियों पर कार्रवाई हो। पीड़ित परिवार को स्थायी नौकरी और उचित आर्थिक सहायता दी जाए। हादसे की न्यायिक जांच कराई जाए।











### तांदुला नदी के जीर्णोद्धार की दिशा में पहल, ड्रोन सर्वेक्षण आज से शुरू

**बालोद।** जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ किए जा रहे जिले के जीवनदायिनी तांदुला नदी के जीर्णोद्धार कार्य के अंतर्गत शुक्रवार 15 मई को जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम देउरतराई मैदान से सुबह 09 बजे यूएवी ड्रोन के माध्यम से तांदुला नदी के सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन बालोद एवं आईआईटी भिलाई के साझेदारी में तांदुला नदी के सर्वेक्षण कार्य का अनुबंध किया गया है। जिसके तहत तांदुला नदी से लेकर हीरापुर एनीकट तक के क्षेत्र को भविष्य में संतुलित, स्वच्छ एवं पर्यावरणीय रूप से सुदृढ़ नदी तंत्र के रूप में विकसित करने की योजना है।

**आयोजन :** जल संरक्षण और अधोसंरचना कार्यों को प्राथमिकता, 17 पंचायतों के ग्रामीण पहुंचे शिविर में

# सुशासन तिहार में विकसित भारत 2047 का रोडमैप तैयार, ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिन का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

विकसीत भारत 2047 का रोड मैप तैयार, ग्रामीणों को 125 दिवस का रोजगार मिलेगा, सुशासन तिहार 2026 ग्राम हितेकसा में घोशणा किया गया। सुशासन तिहार 2026 के तहत विकासखंड गुरूर, के द्वितीय कलस्टर में 17 ग्राम पंचायत हितेकसा, करेंझर, बडभूम, कोचवाही, पोंड़, बालोदगहन, बोरिदकला, सोनाईडोगरी, मोखा, मुड़गहन, कन्हारपुरी, कोलिहामार, बोहारडीह, नारागांव, भेजामैदानी, धानापुरी और दरगहन का जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम पंचायत हितेकसा में आयोजित किया गया।

जनपद गुरुर सीईओ उमेश रात्रे ने बताया कि भारत सरकार द्वारा में 1 जुलाई से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन वीबी जी राम जी अधिनियम 2025 को पूरे देश में लागू करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसी क्रम में बालोद जिले के सभी 436 ग्राम पंचायतो में बीबी जी राम जी योजना लागू हो जाएगा और ग्रामीणों का इसका लाभ मिलने लगेगा। नई व्यवस्था के अंतर्गत ऐसे ग्रामीण जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हो उनकी मांग पर 125 दिनों का रोजगार प्रदाय किया जाएगा। वर्तमान में ग्रामीणों के पास मौजूदा जॉब कार्ड मान्य होंगे और जो निर्माण कार्य ग्राम पंचायत में चल रहे हैं वह लगातार होते रहेंगे। नए अधिनियम अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति 1 जुलाई से होगी जिसमें जल संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंध आजीविका और स्थाई परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे अनेक प्रकार के कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रें का विकास होगा। योजना अंतर्गत प्रशासनिक व्यय को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है। वर्तमान में महात्मा गांधी नरेगा में जो कार्य चल रहे हैं उसे 15 जून तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तत्पश्चात 1 जुलाई से नई योजना द्वारा ग्राम पंचायतो के विकास कार्य प्रारंभ होंगे और ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध होगा। नई योजना में रोजगार की मांग स्थानीय आवश्यकता एवं आजीविका संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से करने की योजना बनाई गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रें में समय रूप से विकास का कार्य हो सके। नई योजना से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा जल संरक्षण वाले कार्य, अधोसंरचना विकास सड़क पुल–पुलिया, स्कूल, आंगनबाड़ी भकर, खेतों से जुड़े जरूरी काम एवं आजीविका मूलक कार्य कराया जा सकेंगे। वर्तमान में ई–केवाईसी सत्यापित मनरेगा जॉब कार्ड महात्मा ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड, नये जॉब कार्ड जारी होने तक नए योजना अन्तर्गत मान्य रहेंगे। जिन श्रमिकों के पास जॉब कार्ड नहीं है वह ग्राम पंचायत स्तर पर पंजीकरण हेतु आवेदन कर सकते हैं। शिविर जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक तथा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थिति थे।




**हितग्राहियों को बांटी गई सामग्री**

शिविर में जिला, जनपद, ग्राम पंचायत स्तर के सभी विभागो का स्टॉल लगा हुआ था, शिविर आवास हितग्राहियो का आवास की चाबी, मनरेगा श्रमिको को नवीन जॉब, राशन कार्ड और श्रम कार्ड का वितरण किया गया। मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के ग्राम पंचायतो का क्यु.आर. कोड़ लगाया गया था। शिविर मे आये ग्रामीण क्यु.आर. कोड़ को स्कैन अपने ग्राम पंचायत कें मनरेगा कार्यो में बारे में जानकारी प्राप्त करते दिखे। बताया गया कि जनपद पंचायत के आने वाले सभी 77 ग्राम पंचायत में इसी प्रकार का क्यु.आर. कोड़ लगा हुआ, जिसे स्कैन कर कोई भी ग्रामीण सरलता से मनरेगा कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

## पेट्रोल-डीजल बचत को लेकर बालोद प्रशासन सक्रिय अधिकारियों के लिए पूल वाहन व्यवस्था लागू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

वर्तमान में पश्चिम एशिया संकट के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेट्रोल, डीजल आदि ईंधन पदार्थों की बचत के उपयोग सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण देशवासियों से वाहनों के कम उपयोग के अपील के मद्देनजर बालोद जिला प्रशासन द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों के बचत के उपाय के कार्य पर अमल शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के ऑडिटोरियम में अधिकारी–कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाले समस्त शिविरों में अधिकारी–कर्मचारियों के आवागमन हेतु शासकीय वाहनों के उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने को कहा है। कलेक्टर के निर्देश पर सुशासन तिहार के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों में एक जिला स्तरीय अधिकारी के शासकीय वाहनों में दो या तीन विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों को पूल वाहन के तौर पर उपयोग करने के संबंध में विधिवत आदेश भी जारी कर दिया गया है। जिससे कि शासकीय कार्यों में कम से कम वाहनों का उपयोग होने के साथ–साथ पेट्रोल, डीजल आदि ईंधनों के बचत के उपाय सुनिश्चित की जा सके।

## डीजल-पेट्रोल की संभावित किल्लत की खबर से पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

■ टंकी फुल कराने लगी लंबी कतारें, कीमत बढ़ने और कमी की आशंका से बढ़ी चिंता, सुबह से लगी रही लंबी कतारें

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में डीजल और पेट्रोल की संभावित किल्लत तथा आने वाले दिनों में ईंधन की कीमतों में वृद्धि की आशंका को लेकर लोगों में चिंता का माहौल देखने को मिला। इसी आशंका के चलते गुरुवार को नगर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



सुबह से ही दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें पेट्रोल पंपों में देखने को मिलीं। लोग अपने वाहनों की टंकियां फुल कराने के लिए घंटों तक लाइन में खड़े रहे। कई वाहन चालकों ने बताया कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से ईंधन संकट व कीमत बढ़ने की खबरें मिलने के बाद उन्होंने पहले से ही पेट्रोल-डीजल भरवाना उचित समझा। कुछ लोगों का कहना था कि यदि आने वाले दिनों में आपूर्ति प्रभावित होती है तो आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नगर के पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार सामान्य दिनों की तुलना में अचानक ग्राहकों की संख्या काफी बढ़ गई। कई पंपों में पेट्रोल भरवाने पहुंचे लोगों की वजह से व्यवस्था भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुई। हालांकि पंप संचालकों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और आवश्यकतानुसार ही ईंधन लेने की अपील की।

## राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बढ़ता अतिक्रमण, धनोरा में कब्जे की होड़

**सड़क किनारे शुरू हुआ कब्जे का खेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर




राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में ग्राम धनोरा के पास अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है, कुछ माह पुर्व तक सड़क किनारे मात्र दो दुकान थी, कार्यवाही नही होने से अब वहां ढाबा के साथ कई अन्य दुकानें भी खुल गई है, वही अब तो कब्जा अब करने की होड़ मच गई है और राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के दोनो ओर कब्जा की तैयारी हो गई है। इससे ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के परिजन भी सम्मिलित है। गुरुर से बालोद के मध्य ग्राम धनोरा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के किनारे आधा दर्जन लोगों ने कब्जा कर दुकान बना ली है, व दर्जनों अन्य लोगों ने सड़क किनारे स्थित गड्डों को भर कब्जा करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। बताया जा रहा है कि इन गड्डों को भरकर कुछ ग्रामीण वहां अवैध रूप से कब्जा करके उसमें दुकान लगाने की तैयारी कर रहे हैं राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे की इन कीमती जमीनों में कब्जा के खेल में ग्रामीण व पंचायत का संरक्षण होने का आरोप है, सक्षम लोग ही बलपूर्वक लगातार कब्जा करने का कार्य कर रहे हैं, नहर किनारे एक ढाबा वर्षों से संचालित है, आरोप है कि यह ढाबा नहर सीमा से मिला हुआ है, जल संसाधन विभाग द्वारा मामले में पत्रचार भी किया गया, पर कार्यवाही नहीं हुई, वहीं ग्रामीणों ने भी पहले उनका विरोध किया, लेकिन उच्च स्तरीय संरक्षण के चलते कार्यवाही नहीं हो सकी। ग्रामीण बताते हैं कि उस ढाबा के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने से कुछ समय बाद टेंगना बरपारा मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 930 किनारे एक और ढाबा खुल गया, उक्त ढाबा वर्तमान पंचायत के एक जिम्मेदार प्रतिनिधि के परिजन का बताया जा रहा है। जब दो बाहुबलियों ने बलपूर्वक राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे ढाबा खोल लिया और कोई कार्यवाही नहीं हुई तो अन्या लोगों ने भी राजमार्ग किनारे कब्जा कर दुकान खोलना प्रारंभ कर दिया। अभी स्थिति यह है कि उस क्षेत्र में दर्जन भर अवैध दुकान बन गई है। इन पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, अब तो सड़क किनारे कब्जा करने की होड़ लग गई है, राजमार्ग से ग्राम धनोरा जाने वाले मोड़ के किनारो के साथ अब सिंचाई विभाग के शाखा नहर व राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य की खाली जमीन पर भी लोगों ने मुरुम डालकर कब्जा करना प्रारंभ कर दिया है, बताया जा रहा है कि 50 से अधिक लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे की भूमि पर कब्जा करने की तैयारी कर ली है, राजस्व विभाग द्वारा दुकान बना चुके लोगो के खिलाफ ही कार्यवाही की औपचारिकता हो रही है, लेकिन सड़क किनारे मुरुम डालकर कब्जा कर रहे लोगों पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। क्षेत्र के हल्का पटवारी राकेश सिन्हा ने कहा सरपंच के परिजन व अन्य लोगों द्वारा किए गए कब्जे के खिलाफ प्रतिवेदन तहसीलदार को सौंप दिया गया है, जो मुरुम पाटकर कब्जा करने की तैयारी कर रहे हैं उनके खिलाफ वर्तमान में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

**नियमानुसार कार्वाई की जाएगी**

नायब तहसीलदार रमेश कुमार मंडावी ने कहा मामले में जांच कर अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

- रमेश कुमार मंडावी, नायब तहसीलदार

## पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार से लौटने के बाद फिर शुरू हुआ जनदर्शन

**दुर्ग।** विधायक ललित चंद्राकर ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार से लौटने के बाद पूर्व की भांति सिविल लाइन स्थित निवास में जनदर्शन कार्यक्रम पुनः प्रारंभ कर दिया है। विधायक द्वारा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने निवास स्थान में जनदर्शन लगाया जा रहा है।

जनदर्शन में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं को लेकर पहुंचे। जनदर्शन में मुख्य रूप से राशन कार्ड, पेंशन, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास, बिजली, पानी, सड़क, नाली, स्वास्थ्य, राजस्व प्रकरणों और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें व मांगें प्राप्त हुईं। विधायक ललित चन्द्राकर ने प्रत्येक व्यक्ति से स्वयं मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कराया। शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पार्टी के आदेश पर पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार में गया था। वहां से लौटते ही पूर्व की भांति जनदर्शन का क्रम फिर से शुरू कर दिया है। मेरा प्रयास है कि क्षेत्र के किसी भी नागरिक को अपनी समस्या लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि जनदर्शन का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति की आवाज सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंच सके। यही सुशासन है।

**मलपुरीकला शिविर में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान**

## जनसमस्या निवारण शिविर में 165 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शासकीय काम-काज में पारदर्शिता तथा योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अनुक्रम में सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत जिले के ग्रामीण अंचलों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत ग्राम मलपुरीकला में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 485 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर विभागीय अधिकारियों द्वारा 165 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। सुशासन शिविर में क्षेत्र की जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिये। शिविर में क्षेत्र के 14 ग्राम पंचायत मलपुरीकला, अकोला, कपसदा,



ओटेबंद, गोढ़ी, अछोटी, ढौर (हि), बोरसी, खपरी, पंचदेवरी, ढाबा, मुर्रा, सांकरा और कंडरका के लोगों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी निभायी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित इस शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्र के सैकड़ों हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

**इन्हें मिला लाभ**

शिविर में खाद्य विभाग द्वारा 10 हितग्राही दुर्गेश्वरी निषाद, हेमलता यादव, भारती वर्मा, भारती सोनवानी, कौशिल्या साहू, संजना देवांगन, टंकेश्वरी जांगड़े, गीता साहू, उत्तरा वर्मा और सृष्टि वर्मा को नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राही दीपिका यादव, हेमलता साहू, जानकी यादव (ग्राम ओटेबंद), प्रीति साहू एवं मधु यादव (ग्राम बोरसी) को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि प्राप्ति प्रमाण पत्र, सकुंतला गायकवाड़ अध्यक्ष नारी शक्ति स्व-सहायता समूह ओटेबंद को बर्तन बैंक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र, सीमा जोशी (मुर्रा), तारा जांगड़े, प्रमिला कुर्रे (मलपुरीकला), प्रमिला निषाद, कुमारी बाई साहू (ओटेबंद) को स्वच्छाग्राही सम्मान प्रमाण पत्र तथा रामनारायण साहू (मलपुरीकला) और यशोद नेताम (मुर्रा) को स्वच्छता कर सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिविर में अनुविभागीय दण्डाधिकारी महेश सिंह राजपूत, धमधा सीईओ किरण कौशिक, सतीश साहू आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### डेंगरापार में सुचारू रूप से हो रही पेयजल आपूर्ति

**बालोद।** जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डेंगरापार में ग्रामीणों को सुचारू रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि वर्तमान में तकनीकी कारणों से पानी टंकी के बजाय सीधे पंपिंग मेन के माध्यम से हर घर तक जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्थानीय पंचायत प्रशासन पूरी सजगता से कार्य कर रहा है। वर्तमान में जिस स्त्रोत से पानी लिया जा रहा है, वहाँ से सीधे पाइपलाइन के जरिए घरों में जल आपूर्ति की जा रही है, ताकि पानी की कमी न हो।

### नौकरी लगाने के नाम पर पांच लाख की ठगी

**भिलाई।** बीएसपी में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 7 कुर्मीपारा ग्राम नंदौरी निवासी दुर्गेश वर्मा निजी कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर बीएसपी में कार्यरत है। वर्ष 2023 में मुलाकात सैम्युअल सातुम उर्फ आदि गुज्जर से हुई थी। सैम्युअल सातुम ने स्वयं को बीएसपी के बड़े अफसरो के साथ अच्छा संबंध होने का झांसा दिया। सैम्युअल के झांसे में आकर दुर्गेश ने अपने मूल दस्तावेज उसे दिया। जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण कागजात शामिल थे। माह भर बाद आरोपी ने दुर्गेश से कहा कि उसे सेल कॉर्पोरेट ऑफिस ले जाकर नियुक्ति पत्र दिलाएगा। इसके लिए उसे 6 लाख रुपए का डिमांड किया। दुर्गेश ने 5 अप्रैल 2023 को पहली किस्त सैम्युअल को 3 लाख रुपए दिए। 25 और 26 अप्रैल 2023 को गांव नंदौरी स्थित दुर्गेश के घर आरोपी पहुंचा और बचा 3 लाख रुपए भी वसूल लिया। रकम मिलने के बाद उसे नौकरी लगाने का झांसा देकर घूमाता रहा। बीएसपी में स्थायी नौकरी दिसाने का झांसा देकर रकम लिया था। समय बीतने पर नौकरी नहीं लग पाई। पीड़ित ने जब आरोपी पर दबाव बनाया तो 10 मई 2025 को केवल 1 लाख रुपए वापस किया। इसके बाद अब तक 5 लाख रुपए नहीं लौटाया। बहरहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही बड़े खुलासे की संभावना है। पुलिस शिकायकर्ता से पूछताछ कर रही है।

### 16 तक रात को भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**दुर्ग।** पुराना बस स्टैंड में उर्स के आयोजन के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए 13 से 16 मई तक भारी वाहन प्रतिबंधित रहेगें। आयोजन पुराना बस स्टैंड दुर्ग में होगा। पटेल चौक से इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स से पटेल चौक मार्ग पर वाहनों क आवागमन नियंत्रित रहेगा। आम नागरिकों की सुविधा के लिए दिशाओं से आने वाले वाहनों के लिए पृथक पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने ट्रैफिक पुलिस दुर्ग ने प्लान तैयार किया है। उर्स आयोजन के दौरान पटेल चौक से इंदिरा मार्केट की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। फरिश्ता कॉम्प्लेक्स से पटेल चौक की ओर वाहनों का आवागमन भी बंद रहेगा। आयोजन अवधि में दुर्ग शहर के भीतर रात्रिकालीन समय में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। भिलाई पावर हाउस की ओर से आने वाले वाहनों के लिए बस स्टैंड पार्किंग स्थल बनाया गया है।रिसाली की ओर से आने वाले वाहनों के लिए झाड़ूराम देवांगन स्कूल परिसर में पार्किंग होगी। गंजपारा, पुलगांव, राजनांदगांव की ओर से आने वाले पुलिस लाइन में खड़े कराए जाएंगे।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**भिलाई।** अपने शरीर पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना नेहरू नगर एरिया का है। मिली जानकारी के मुताबिक सूरज नामक युवक 24 वर्ष के युवक ने नेहरू नगर गार्डन के पास स्वयं को आग लगा लिया। आने जाने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

**पेज 11 के शेष**

### उपमुख्यमंत्री साव ...

शामिल विधायक कुंवर सिंह निषाद नगर पंचायत में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में भी शामिल हुए। जहां उन्होंने समाधान शिविर में पहुंचकर आमजनों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी।

### अफवाह से पेट्रोल ....

तय किए बिना ही पेट्रोल– डीजल दिया जा रहा था, ग्राहक को उनके मांग के अनुरूप उन्हे पेट्रोल– डीजल प्रदान कर दिया जा रहा था, लेकिन इसके बाद भी कई लोग आपदा में अवसर तलाशते हुए अतिरिक्त पेट्रोल– डीजल लेते दिखे। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में संचालित पेट्रोल पंपो में पर्याप्त मात्र में पेट्रोल– डीजल उपलब्ध है, कुछ जगहो में ही पेट्रोल– डीजल नही होने के कारण बंद पड़े हुए है तथा अन्य जगह जहां पेट्रोल– डीजल मिल रहे है वहां पेट्रोल– डीजल को लेकर किल्लत जैसी कोई स्थिति नही है।

## खबर संक्षेप




### शाला धोबेदंड का प्राथमिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**दल्लीराजहरा।** शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय प्राथमिक शाला धोबेदंड, संकुल कोड़ेकसा ने इस वर्ष शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए प्राथमिक परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के सभी 11 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर शाला, पालकों और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सतत अध्ययन का यह उत्कृष्ट परिणाम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विद्यालय में अध्ययनरत प्रतिभाशाली छात्र मानस ठाकुर ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय परिवार में उत्साह का वातावरण निर्मित कर दिया है। वहीं युगांश एवं जतिन कुमार यादव ने 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। चित्तेश्वर ने 88.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम को लेकर शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति में विशेष उत्साह देखा गया। विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षकों और पालकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अनुशासन, नियमित अध्ययन और मेहनत का परिणाम बताया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने का विश्वास व्यक्त किया गया है।

### निधन पर ग्राम पंचायत ने दी आर्थिक सहायता



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अतर्गत ग्राम पंचायत बैहाकुआं के आश्रित ग्राम चिल्हाटी खुर्द निवासी 36 वर्षीय बीरेंद्र कुमार साहू का आकस्मिक निधन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। मृतक की आर्थिक स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत बैहाकुआं के सरपंच किशोर कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत की ओर से मृतक की पत्नी को 2000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत की ओर से स्वर्गीय बीरेंद्र कुमार साहू को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पंच छबिलाल साहू, दिलीप कुमार, शत्रुघ्न भंडारी, दानीराम साहू, रैन साहू एवं पूरन साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भिलाई, जामुल और मर्रा में आज सजेंगे समाधानों के मंच

**दुर्ग।** सुशासन तिहार के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान का अभियान तेजी से जारी है। इसी क्रम में 14 मई को जिले के नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

समक्ष :- श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

भगवती चक्रधारी पति हरिदास चक्रधारी, जाति कुम्हार, उम्र 46 वर्ष,निवासी ग्राम खपरी, पोस्ट दुधली, तहसील डौण्डीलोहारा,जिला बालोद (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

मैं शपथकर्ती निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं -

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मुझ शपथकर्ती के पुत्र का नाम एवन चक्रधारी (**AVON CHAKRADHAREE**) पिता हरिदास चक्रधारी (**HARIDAS CHAKRADHAREE**) अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है जो कि सत्य व सही है तथा मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्र. **7656 8415 6864** में अंग्रेजी वर्णमाला में **EVAN CHAKRADHARI** त्रुटिवश दर्ज हो गया।
3. यह कि, मुझ शपथकर्ता के पुत्र के आधार कार्ड में दर्ज नाम **EVAN CHAKRADHARI** को सुधार कर वास्तविक व सही नाम **AVON CHAKRADHAREE** दर्ज कराने की सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) के समक्ष आज दिनांक 14/05/2026 को निष्पादित है।
4. यह कि, शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है, असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी शपथकर्ता की होगी।

**शपथकर्ती**

**-:: सत्यापन ::-**

मैं शपथकर्ती तसदीक करती हूं कि शपथपूर्वक बयान कंडिका 01 से 04 तक के कथन मेरे अधिकतम एवं निजी ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 14/05/2026 को मुकाम डौण्डीलोहारा में पढ़/पढ़ाकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूं।

**सत्यापनकर्ती**
**भगवती**

## समस्या : 300 आवेदनों का निराकरण, लेकिन पेयजल संकट बरकरार

# चार साल से अधूरी निर्माण, सुशासन शिविर के सामने ही अधूरी पड़ी पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम हितेकसा में 4 साल से समस्या बनी पानी टंकी की समस्या का समाधान तो नहीं हुआ लेकिन उसके ठीक सामने सुशासन तिहार की जनसमस्या निवारण शिविर में समस्याओं का समाधान हुआ। लेकिन शिविर को देखते हुए कार्य चालू प्रारंभ किया गया।

■ शिविर से पहले सक्रिय हुआ विभाग, फिर शुरू हुआ बंद पड़ा काम

इधर जन समस्या निवारण शिविर में 300 आवेदनों का समाधान तो हुआ, लेकिन शिविर स्थल के ठीक सामने चार साल से पानी टंकी के रुप मे खड़ी समस्या का समाधान नही हो सका। जबकि संबंधित विभाग के आला अधिकारी भी शिविर मे पहुंचे हुए थे। ग्राम आज भी भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहा है। ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी व पाइपलाइन कार्य 4 साल से चल रहा है। कार्यस्थल पर कहीं सूचना बोर्ड नजर नहीं आया। ग्राम में पाइपलाइन बिछाया गया है, घरों में कनेक्शन भी दिया गया है, लेकिन पानी टंकी ही अब तक पूरी तरह चालू नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया पानी टंकी को बने भी 2 साल से अधिक समय हो गया है, लेकिन उसे प्रारंभ नहीं किया जा सका है, यहां तक की टेस्टिंग भी नहीं की जा सकी है।



चर्चा में ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की कि पानी टंकी की गुणवत्ता खराब होगी, एवं पानी भरने पर टंकी से पानी सिपेज हो सकता है, शायद इसी आशंका के कारण विभाग पानी टंकी की टेस्टिंग नहीं कर रहा है। ग्राम में बिछाए गए पाइपलाइन के लिए गलियों की खुदाई की गई है। पाइपलाइन बिछाने के बाद भी उसे मात्र भराई की गई है। पक्का सीमेंटीकरण नहीं किया गया है इससे ग्रामीण लगातार दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

ग्राम आदिवासी बाहुल्य है। यहां हैंडपंप, ट्यूबेल से निकलने वाला पानी की गुणवत्ता ठीक नहीं होने की बात ग्रामीण करते हैं, ऐसे में पानी टंकी ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य की – ष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। कार्य की धीमी गति ग्रामीण की समस्या बढ़ रही है, पंचायत द्वारा वर्तमान में ट्यूबवेल के माध्यम से पंचायत के पाइपलाइन से पानी ग्रामीणों को दी जा रही है, ग्रामीणों के अनुसार वर्षों से लापता ठेकेदार व विभाग के लोग बीते कुछ दिनों से सक्रीय दिखे, ग्रामीणों का मानना है कि शिविर को देखते हुए संभावित शिकायत से बचने के लिए विभाग व ठेकेदार ने लंबे समय से बंद पड़े कार्य को प्रारंभ किया है, वर्तमान में पानी टंकी की चार दिवारी में दरवाजा लगाने का कार्य किया गया है।

सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी ने कहा 4 साल से पानी टंकी का कार्य चल रहा है, पाइपलाइन का कार्य अधूरा है, टंकी की टेस्टिंग नहीं हुई है, बीते कुछ दिनों से विभाग यहां कार्य कर रहा है, जबकि लंबे समय से कार्य बंद पड़ा था। एसडीओ पीएचई एसके वर्मा ने कहा पानी टंकी की टेस्टिंग नहीं होने से पाइपलाइन बिछाने के बाद गलियों को पक्का नहीं किया गया है, ठेकेदार को कार्य

## भाजपा मंडल डौंडी लोहारा की मासिक बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**डौंडीलोहारा।** भाजपा मंडल डौंडी लोहारा की मासिक बैठक स्थानीय स्तर पर सम्पन्न हुई। बैठक में मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष टिनेश्वर बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा पार्टी के राष्ट्रीय संगठन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी पदाधिकारियों को दी गई।

बैठक में बताया गया कि मंडल से लेकर शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक बैठकें निर्धारित समयानुसार आयोजित की जाएंगी। साथ ही सभी बैठकों के फोटो अधिकृत एप "सरल पोर्टल" में संबंधित लोकेशन से अपलोड करना अनिवार्य रहेगा, तभी बैठक को मान्यता प्राप्त होगी। इस विषय को लेकर मंडल पदाधिकारियों को विशेष मार्गदर्शन दिया गया। मंडल प्रभारी ने मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्रियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों की बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सके। बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र टेकाम, महामंत्री सोमेंद्र देशमुख एवं दुष्यंत गिरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा संदीप लोढ़ा, लता गुप्ता, सूरजभान साहू, हेमलाल देशलहरा, धर्मेंद्र निषाद, पलाश गुप्ता, मोहन निषाद, प्रीतम साहू, जसराज शर्मा, डोमेंद्र देशमुख, हिरेन्द्र गायकवाड, पूर्णिमा प्रजापति, संदीप भंसाली, भुवन यादव, मनोज भंडारी, उत्तम मालेकर, हेमंत साहू, डाल साहू, देव देवांगन, रेमन अटल, प्रकाश साहू, अभिषेक जैन, पुनीत देशमुख, कमलेश जैन, चंद्र कुमार, प्रकाश डोसी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीबीएसई 12वीं में मानस अग्रवाल ने 93.2% अंकों के साथ नगर में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहने वाले अग्रवाल एवं मित्तल परिवार ने एक बार फिर नगर और जिले को गौरवान्वित करने का कार्य किया है।



दल्लीराजहरा के प्रतिष्ठित व्यवसायी संदीप (सोनू) अग्रवाल एवं शिक्षित एवं संस्कारित व्यक्तित्व की धनी अनुराधा अग्रवाल के सुपुत्र मानस अग्रवाल ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 93.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे दल्लीराजहरा नगर में प्रथम तथा बालोद जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया है। मानस की इस शानदार सफलता से पूरे दल्लीराजहरा नगर, सर्व समाज, स्कूल परिवार एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है तथा उन्हें लगातार बधाइयां और शुभकामनाएं मिल रही हैं। डीएवी स्कूल दल्लीराजहरा में अध्ययनरत मानस अग्रवाल ने अपनी मेहनत, अनुशासन और परिवार से मिले मार्गदर्शन के बल पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नगरवासियों का कहना है कि खेल, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों में हमेशा अग्रणी रहने वाली लौह नगरी दल्लीराजहरा ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मानस ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़ी बहन मौली अग्रवाल, पूरे परिवार तथा स्कूल के शिक्षकों को दिया।

उन्होंने बताया कि उनकी बड़ी बहन मौली अग्रवाल ने कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शासकीय मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में प्रवेश हासिल किया, जिससे उन्हें लगातार प्रेरणा मिलती रही। मानस ने कहा कि परिवार के संस्कार, माता-पिता का मार्गदर्शन और शिक्षकों का सहयोग ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रहा।

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड पूर्वा सिंह ने 95% अंक हासिल कर बढ़ाया नगर का मान

दल्लीराजहरा। नगर की प्रतिभाशाली छात्रा पूर्वा सिंह ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर दल्लीराजहरा सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।



कॉमर्स संकाय में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्वा ने यह साबित कर दिया कि लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल और नगर में खुशी का माहौल है। पूर्वा सिंह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। पूर्वा सिंह, दल्लीराजहरा के प्रतिष्ठित सिंह ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रबंधक अजय सिंह परिहार एवं वीरांगना ग्रुप भिलाई की सक्रिय सदस्या प्रेमा सिंह की सुपुत्री हैं। परिवार में शिक्षा और संस्कारों का सकारात्मक वातावरण हमेशा से रहा है, जिसका प्रभाव पूर्वा की उपलब्धि में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। पूर्वा सिंह की इस उल्लेखनीय सफलता पर इष्ट मित्रों, परिजनों, शिक्षकों एवं वीरांगना समूह भिलाई के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। नगरवासियों का कहना है कि पूर्वा की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# चिपरा में 18 मई से बहेगी श्रीमद्भागवत कथा की अमृतधारा

## नौ दिनी आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

धार्मिक आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति के संगम के रूप में ग्राम चिपरा में 18 मई 2026 से नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कला मंच परिसर में आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजन समस्त सिन्हा (ढंगा) परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक होगा, जहां श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा कथा स्थल को धार्मिक वातावरण के अनुरूप आकर्षक रूप से सजाने की तैयारी की जा रही है।



18 मई, सोमवार को कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं गोकर्ण कथा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद 19 मई को परीक्षित जन्म एवं सृष्टि संरचना, 20 मई को ध्रुव चरित्र एवं भरत चरित्र, 21 मई को प्रह्लाद चरित्र तथा 22 मई को समुद्र मंथन, राजा बलि एवं कृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा।

इसी प्रकार 23 मई को बाल लीला एवं माखन चोरी प्रसंग, 24 मई को मथुरा गमन, कंस वध एवं रुक्मणी मंगल, 25 मई को सुदामा चरित्र, भगवान परमधाम गमन एवं चढ़ोत्री का वाचन होगा। आयोजन का समापन 26 मई, मंगलवार को गीता हवन, तर्पण, तुलसी वर्षा एवं पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का माध्यम है। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। समस्त ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी बनने की अपील की है।

# डौंडी में कांग्रेस की बैठक, सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन की बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी की बैठक बुधवार को सेन समाज भवन डौंडी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिव प्रसाद बारला ने की। इसमें संगठनात्मक मजबूती, केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों तथा किसानों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार तथा राज्य की विष्णु देव साय सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए आम जनता और किसानों की समस्याओं पर चिंता जताई। इस दौरान आगामी दिनों में किसानों के सम्मान और उनके हितों को लेकर धरना-प्रदर्शन आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में 17 मई को छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव के डौंडी आगमन की तैयारियों को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी के कोषाध्यक्ष नंद लोन्हारे के नेतृत्व में कई नए युवा साथियों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के महामंत्री कोमेश कोर्राम और ब्लॉक अध्यक्ष शिव प्रसाद बारला ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर नए सदस्यों का स्वागत किया। **किसान हित में आंदोलन का आह्वानः** बैठक को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सदस्य पुनीत सेन ने राज्य सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों और आम जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस लगातार आवाज उठाएगी। उन्होंने आगामी धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक किसानों और कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील की। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री कोमेश कोर्राम, जनपद सदस्य पुनीत सेन, कुलदीप साहू, उपाध्यक्ष परस मंडावी, महामंत्री कोमलेंद्र चंद्राकर, रविकांत देशमुख, गन्नू मंडावी, सचिव बीरेंद्र तारम, मंडल अध्यक्ष भोज साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड डीएवी इस्पात विद्यालय का शानदार परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर रहा डीएवी इस्पात वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक विद्यालय एक बार फिर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बारहवीं परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाने में सफल रहा है। विद्यालय ने 71.2 प्रतिशत गुणवत्ता प्रदर्शन सूचकांक के साथ उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर का परिचय दिया, वहीं प्रतिभाशाली छात्र मानस अग्रवाल ने 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय से इस वर्ष कुल 71 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें 45 विद्यार्थी विज्ञान संकाय तथा 26 विद्यार्थी वाणिज्य संकाय से शामिल हुए। परीक्षा परिणाम में 68 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए, जबकि 3 विद्यार्थियों को पूरक श्रेणी में रखा गया। विशेष उपलब्धि यह रही कि विद्यालय का एक भी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण नहीं हुआ, जिससे विद्यालय की सुदृढ़ शिक्षा व्यवस्था और अनुशासित अध्ययन वातावरण की उत्कृष्टता स्पष्ट रूप से सामने आई।

विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर सफलता की नई मिसाल प्रस्तुत की। मानस अग्रवाल ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। परिणया हासिनी ने 85.6 प्रतिशत, आदित्य कुमार पात्र ने 85.4 प्रतिशत, रिशिता सिंह ने 85 प्रतिशत तथा लब्धि जैन ने 84.06 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 70, 75 तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार परिचय दिया।

विद्यालय के प्राचार्य जी.वी. राजशेखर राव ने परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की समर्पित शिक्षा पद्धति और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी उत्कृष्ट शिक्षा और बेहतर परिणामों के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आर.बी. गहरवार तथा डीएवी संस्था के क्षेत्रीय निदेशक प्रशांत कुमार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की यह सफलता पूरे दल्लीराजहरा क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गई है।

# कुसुमकसा में बनेगा नया खाद गोदाम, 12 गांवों के 2170 किसानों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा से जुड़े किसानों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा गांधी के प्रयासों से समिति परिसर में 25 लाख रुपये की लागत से नए खाद गोदाम निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। इससे क्षेत्र के 12 गांवों के 2170 किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

**जर्जर गोदाम से हो रही थी परेशानीः** कुसुमकसा समिति से जुड़े किसान खाद, बीज और कृषि संबंधी अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पूरी तरह समिति पर निर्भर हैं। लेकिन वर्षों पुराने खाद गोदाम के जर्जर हो जाने से खाद भंडारण में लगातार दिक्कत आ रही थी। बारिश और नमी के कारण खाद खराब होने का खतरा भी बना रहता था। समिति प्रबंधक ने इस समस्या से भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा गांधी को अवगत कराया था। इसके बाद उन्होंने किसानों की परेशानी को जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के समक्ष रखते हुए नए खाद गोदाम निर्माण का प्रस्ताव रखा।



**किसानों की समस्या को गंभीरता से लिया गयाः** भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवाई। नवीन गोदाम बनने से खाद के सुरक्षित भंडारण के साथ किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने में भी सुविधा होगी।

### किसानों में खुशी की लहर

नए खाद गोदाम की स्वीकृति की खबर मिलते ही क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों ने कहा कि यह कार्य क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा। ग्रामीणों ने बताया कि योगेंद्र सिन्हा गांधी हमेशा किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हैं और समाधान के लिए सक्रिय रहते हैं। किसानों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारियों और जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के प्रति आभार व्यक्त किया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गुंडरदेही में अटल परिसर का लोकार्पण

**बालोद।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने बालोद जिले के गुंडरदेही नगर पंचायत में अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान अटल परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण भी किया। गुंडरदेही में 20 लाख रुपए की लागत से अटल परिसर का निर्माण किया गया है। उप मुख्यमंत्री साव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व और देश के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्र निर्माण और जन कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। साव ने कहा कि अटल जी की स्मृतियों को संजोने वाला यह परिसर आने वाली पीढ़ियों में देशसेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करेगा। उन्होंने गुण्डरदेही नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 02 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

### छायांक कुमार नेताम का नवोदय में हुआ चयन

**दल्लीराजहरा।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत और लगन का शानदार परिचय दिया है।



शासकीय प्राथमिक शाला खर्री टोला का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है। सीमित संसाधनों के बीच विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि सफलता केवल मेहनत और संकल्प से हासिल होती है। विद्यालय की कक्षा में कुल तीन छात्र-छात्राएं दर्ज थे और तीनों ने सफलता पूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया। इनमें छायांक कुमार नेताम ने 90.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रंजीत ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि दीपांजलि ने 77 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने स्कूल परिवार और अभिभावकों को गौरवान्वित कर दिया है। इस उपलब्धि में सबसे विशेष बात यह रही कि मेधावी छात्र छायांक कुमार नेताम का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। नवोदय में चयन को लेकर गांव और स्कूल में उत्साह का माहौल है। छायांक की सफलता को ग्रामीण प्रतिभा की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। उनकी मेहनत, अनुशासन और अध्ययन के प्रति समर्पण अब अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गया है।

### अफीम तस्कर को पुलिस ने झारखंड से पकड़ा

**भिलाई।** अफीम की तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस झारखंड के गुमला से पकड़कर लाई है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम लांजी चौकी थाना गुमला जिला गुमला झारखंड निवासी राजकेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू उर्फ सुंदर साहू को पकड़ा गया। दोनों से पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य संकलित कर अफीम की आपूर्ति और बेचने के नेटवर्क का खुलासा किया। एंड टू एंड जांच के दौरान मोबाइल कॉल डिटेल, आपसी संपर्क, अन्य तकनीकी तथ्यों के आधार पर झारखंड से अवैध अफीम लाकर दुर्ग में बेचना पाया गया।

## आयोजन

# हितेकसा में जनसमस्या निवारण शिविर 300 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हितग्राहियों को वितरित किए गए सामग्री और प्रमाण पत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के वनांचल ग्राम हितेकसा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम हितेकसा में आज आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत हितेकसा सहित हितेकसा कलस्टर में शामिल आसपास के 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

शिविर में उपस्थित जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, तहसीलदार हनुमंत श्याम सहित जनपद सदस्य हेमंत गुरूपंच, अजीत कुंजाम, डालेन्द्र साहू, तानसिंह देहारी एवं सरपंच भूपेश हिरवानी सहित अन्य अतिथियों के द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल एवं आईस बॉक्स का वितरण किया गया।

समाज कल्याण विभाग अंतर्गत श्रवण यंत्र एवं छड़ी, स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण किया गया। शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। शिविर में अतिथियों के द्वारा बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई के रस्म पूरा किया गया। ग्राम हितेकसा में आयोजित शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 492 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 300 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।




शिविर मे जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के विकास हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इस अवसर पर साहू ने संपूर्ण जीव जगत के लिए पानी की आवश्यकता के संबंध में प्रकाश डालते हुए सभी लोगों से पानी के सदुपयोग तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नीर चेतना अभियान के अंतर्गत शिविर में उपस्थित लोगों को पानी के एक-एक बूंद का सदुपयोग करते हुए पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं जल संरक्षण के पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागता सुनिश्चित करने की अपील भी की।

जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों को आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी संवदेनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू ने कहा शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम का आभार ग्राम पंचायत हितेकसा के सरपंच भूपेश हिरवानी ने ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि हितेकसा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पंचायत हितेकसा सहित सोनडोंगरी, कन्हारपुरी, बोहारडीह, दरगहन, मोखा, मुजगहन, धानापुरी, नारागांव, बड़भूम, पोंड, करेंझर, भेजामैदानी और कोचवाही ग्राम पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## भैंसबोड़ में 18 मई को लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद/दल्लीराजहरा।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़ स्थित प्राथमिक शाला मैदान में 18 मई 2026 को विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर विशेष रूप से दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान, प्रमाणन और शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। शिविर को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हितग्राहियों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

- दिव्यांगजनों को मिलेगा प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड का लाभ

समाज कल्याण विभाग के अनुसार भैंसबोड़ में आयोजित इस शिविर में ग्राम पंचायत भैंसबोड़ सहित आसपास की लगभग 20 ग्राम पंचायतों के दिव्यांग हितग्राही शामिल होंगे। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहेगी, जो दिव्यांगजनों का परीक्षण कर नवीन दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करेगी। साथ ही पुराने प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण तथा यूडीआईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

शिविर में केवल प्रमाण पत्र ही नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। दिव्यांग पेंशन सहित अन्य योजनाओं के आवेदन फार्म भी मौके पर भरवाए जाएंगे, ताकि जरूरतमंद हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके। प्रशासन की इस पहल को ग्रामीण अंचल के दिव्यांगजनों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। दूरस्थ गांवों में रहने वाले दिव्यांग हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष परिवहन व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा शिविर स्थल पर चाय, नाश्ता और भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सुशासन तिहार के तहत आयोजित यह शिविर प्रशासन की संवेदनशीलता, जनसेवा और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता का मजबूत उदाहरण माना जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगजनों के लिए यह शिविर नई उम्मीद और सुविधाओं का बड़ा माध्यम साबित होगा।

## डौण्डी में आज लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर, सभी 15 वार्डों के लिए होगी सुनवाई

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर पंचायत डौण्डी में 15 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक भवन डौण्डी में सभी 15 वार्डों के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एसके देवांगन को नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता राकेश पाठक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डी में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर के लिए तहसीलदार देवेन्द्र नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पेंशन बंद होने से नाराज पार्षद ने सौंपा ज्ञापन



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही मे विगत 4-5 माह से पेंशन धारियों को पेंशन की सुविधा नही मिल पा रही है। जिसे देखते हुए पार्षद फैज़ बख्श नें अनुविभागी अधिकारी क़े नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। जिसमें प्रमुख रूप से नगर मे हों रहे अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने, भूमिहीन पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाने, महतारी वंदन में अपाहिज पात्र महिलाओं को लाभ दिलाने, गुण्डरदेही नगर में निर्माणधीन गार्डन जल्द पूर्ण कराने, धमतरी चौक से बस स्टैंण्ड तक प्रतिदिन झाड़ू लगाने व अमृत मिशन नलजल के कार्यों मे चल रहे लेटलतीफी जल्द पूरा करने की मांग की गई।

## गुण्डरदेही में जनसमस्या निवारण शिविर, 153 आवेदन प्राप्त, योजनाओं की दी गई जानकारी

**बालोद।** गुण्डरदेही नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर गुण्डदेही मे "संवाद से संपूर्ण समाधान" के मूल मंत्र के साथ आयोजित हुआ। इस शिविर में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं, वहीं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त किया।

- जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही मौजूदगी
- बाल विवाह रोकने दिलाई शपथ
- विभिन्न विभागों के लगे स्टॉल

ये रहे उपस्थित कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, राष्ट्रीय बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के पूर्व सदस्य व भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, वीरेंद्र साहू, राजेंद्र राय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग उपाध्यक्ष नरेश यदु, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, ठाकुर राम चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अश्विनी यादव, गुलशन साहू, युवराज मारकंडे, पुष्पेंद्र चंद्राकर, सहित नगर पंचायत के सभी पार्षदगण पोषण बन्नू राम निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी शंकर यादव, रामबती सोनकर, हेमंत सोनकर, सुल्तान तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोहन सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्श, सेवक महिपाल एवं रोमलाल यादव सहित नगरवासी उपस्थित थे।






कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ हुई। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, खाद्य, राजस्व, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, आबकारी, श्रम, क्रेडा, जल संसाधन, खनिज, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पीडब्ल्यूडी तथा पीएचई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे, जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी और त्वरित सेवाएं प्रदान की गईं।

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सभी विभाग के अधिकारियों को शिविर में आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी संवदेनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि "संवाद से संपूर्ण समाधान" केवल एक नारा नहीं बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है। यशवंत जैन ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के चंहुमूखी विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जैन ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन के प्रतिनिधि आम जनता के बीच पहुँचकर जनकल्याणकारी योजनाएं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे हैं। जिससे कि सभी वर्गों के लोगों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संपूर्ण देश के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में भी विकास के नये प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन-प्रशासन के प्रतिनिधि आम जनता के बीच पहुंचकर उनके मांगों एवं समस्याओं से रूबरू होकर उनके मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर रहे हैं।

शिविर में कुल 153 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 131 मांग संबंधी एवं 22 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल रहे। मिशन वात्सल्य एकीकृत बाल संरक्षण सेवा के तहत बाल विवाह रोकने एवं बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई।

### श्याम रंग में रंगेगी पुरानी गंजमंडी जुटेंगे पूरे देश से भक्त

**दुर्ग।** पुरानी गंजमंडी में 15 मई को दुर्ग में पहली बार आयोजित भजन संध्या के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आ रहे देश के प्रसिद्ध भजन सम्राट संजय मित्तल कोलकाता, प्रेम शर्मा राजस्थान, ममता चौधरी दिल्ली को लेकर तैयारियों जोरों पर है। पुरानी गंजमंडी में मंच से लेकर दर्शक दीर्घा में बैठने वाले भक्तों को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## माउंट आबू के अनुभव किए साझा, लोकतंत्र की रक्षा में पत्रकारों की अहम भूमिका

# ब्रह्माकुमारीज आत्म ज्ञान भवन में स्नेह मिलन, पत्रकारों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्म ज्ञान भवन बालोद में स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। जहां पर मीडिया से जुड़े सदस्यों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में माउंट आबू मैं बीते दिनों आयोजित मीडिया कार्यक्रम में भाग लेने गए पत्रकार उत्तम साहू एवं बोधन भट्ट का भी सम्मान किया गया। उनके अनुभव साझा किए गए। माउंट आबू के आयोजन का अनुभव साझा करते हुए उत्तम साहू एवं बोधन भट्ट ने बताया कि माउंट आबू में काफी बड़े क्षेत्र में संस्था के विभिन्न विभाग संचालित हैं। यहां का वातावरण एकदम शांत है, जहां जाने पर सचमुच शांति का अनुभव होता है।



मीडिया विंग कार्यक्रम में मीडिया के इतिहास, मीडिया के उद्देश्य, समाज व देश के विकास में मीडिया कितना महत्वपूर्ण है की विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में मीडिया से जुड़े देश भर के साढे चार सौ पत्रकार शामिल रहे। उन्होंने कहा स्व परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन होगा औऱ और इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय का उद्देश्य मानव को देवता बनाना है व स्वयं को सशक्त करने के लिए आज आध्यात्मिकता की आवश्यकता है। प्रजापिताब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय बालोद की संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने बताया कि मिलन समारोह में संस्था द्वारा पत्रकारों का सम्मान किया जा रहा है। पत्रकार हमारे प्रत्येक कार्यक्रमों को दिल से प्रकाशित कर एक तरह से संस्था की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र की रक्षा में पत्रकारों की बहुत बड़ी भूमिका है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने माउंट आबू में आगामी सितंबर माह में आयोजित मीडिया कार्यक्रम में भाग लेने माउंट आबू जाने की बातें कहीं। बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी पत्रकारों से परिवार सहित चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े भाई बहन उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411